मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंकः 75, मुंबई, मंगलवार, 8 जुलाई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल


भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## महाराष्ट्र : एक साल में 12438 बच्चों की मौत

## किसान आत्महत्या के आंकड़े भी डरावने



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र में राज्य में हुई घटना-दुघर्टनाओं व अन्य के आंकड़े जारी किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में सोमवार को महाराष्ट्र के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश अबितकर ने बच्चों की मौत से जुड़े आंकड़े जारी किए। वहीं मराठवाड़ा क्षेत्र के 8 जिलों में किसानों की आत्महत्या के आंकड़े भी सामने आए। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश अबितकर ने बताया कि अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के बीच राज्य में 12,000 से अधिक बच्चों की मौत हुई है। विपक्ष और सत्ता पक्ष के 10 विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) ने सवाल पूछा कि क्या अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक राज्य में 12,438 बच्चों की मौत हुई है। विपक्षी सदस्यों ने यह भी पूछा कि क्या कोल्हापुर जिले में 11 नवजात शिशुओं सहित 1,736 बच्चों की मृत्यु हुई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## रायगढ़ में 26/11 जैसी साजिश



### तट के पास संदिग्ध नाव के बाद बढ़ी सुरक्षा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** कानून प्रवर्तन और समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में रेवदंडा तट पर देखे गए एक संदिग्ध जहाज, जो कथित तौर पर संभवतः एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव है, का पता लगाने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार जहाज की पहचान और उत्पत्ति की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों की शुरूआती रिपोर्ट बताती है कि यह एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव हो सकती है। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि जहाज को सफलतापूर्वक रोके जाने के बाद आगे की जांच की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक प्रारंभिक आकलन से संकेत मिलता है कि जहाज संभवतः भारी बारिश, तेज हवाओं या नौवहन संबंधी मुद्दों सहित मौसम की स्थिति के कारण रायगढ़ तट की ओर बह गया हो सकता है, हालांकि इसका असली इरादा अभी भी स्पष्ट नहीं है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## अश्लील वीडियो की आड़ में 3 करोड़ रुपए की ब्लैकमेलिंग



### मुंबई के सीए ने की खुदकुशी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शहर के पॉश इलाके में रहने वाला एक नामी चार्टर्ड अकाउंटेंट जिसने अपना करियर बनाने में बरसों लगाए और आखिर में कागज के तीन पन्नों में अपनी मौत की कहानी लिखकर दुनिया से विदा हो गया। वजह? एक अश्लील वीडियो, जो उसकी जिंदगी की सबसे बड़ी कमजोरी बन गया। चार्टर्ड अकाउंटेंट राज मोरे ने शनिवार रात जहर खाकर आत्महत्या कर ली। लेकिन ये कोई मामूली खुदकुशी नहीं थी, ये ब्लैकमेलिंग, धमकी, और लगातार मानसिक शोषण की वजह से हुई सुनियोजित मौत है। जांच में सामने आया कि राज मोरे को सबा कुरैशी और राहुल परनवानी नाम के दो लोगों ने अश्लील वीडियो के जरिये ब्लैकमेल किया। सोशल मीडिया पर शुरू हुई दोस्ती, बढ़ती नजदीकियां फिर शारीरिक संबंध और उसी दौरान चुपके से बनाया गया वीडियो उनकी बर्बादी का सबब बन गया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## कबूतरों का दाना पानी बंद करेगी मनपा

### लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शांति के प्रतीक कहे जाने वाले कबूतरों को अब शहर से बेदखल किया जायेगा। सांस की बीमारियों के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए बीएमसी अनाधिकृत तौर पर चल रहे कबूतर खाने को बंद करेगी। विधान परिषद में मुंबई में कबूतरखानों से फैल रही बिमारियों के मुद्दे पर सरकार के निर्देश के बाद बीएमसी ने कई कबूतरखानों के अतिक्रमण पर कार्यवाई करते हुए अनाधिकृत तौर पर चल रहे कबूतरखानों को तोड़ दिया। कबूतरखानों से आसपास रहने वाले निवासियों में सांस संबंधी बीमारी बढ़ रही है। कबूतरों की बीट और पंखों के कारण अस्थमा और फेफड़ों की बीमारियों के साथ साथ त्वचा रोगों जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### दादर कबूतर खाना मुंबई विरासत

सांस्कृतिक धरोहर में शामिल दादर कबूतर खाना को मुंबई के विरासत के रूप में भी देखा जाता है। सीएसटी प्रधान डाकघर के सामने का कबूतर खाना भी काफी पुराना है, जहां पक्षी प्रेमी कबूतरों को दाना खिलाने के लिए पहुंचते हैं। भुलेश्वर में श्रीराम मंदिर के पास करीब 100 वर्ष पुराना कबूतरखाना है। भुलेश्वर के इस क्षेत्र में करीब आधे किमी के दायरे में बड़ी संख्या में मंदिर है। श्रद्धालु मंदिर जाने के बाद यहां के कबूतरखाना में कबूतरों को दाना खिलाते हैं। मुंबई के दिलीप माहेश्वरी का कहना है कि भूलेश्वर के कबूतरखाना की गंदगी से इस क्षेत्र में बीमारियां बढ़ रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### महंगी पड़ी है खामख्याली

**अपने मौजूदा कार्यकाल में ट्रंप भारत के प्रति कोई विशेष भाव दिखाते नजर नहीं आए हैं। चाहे व्यापार वार्ता हो, या सामरिक एवं कूटनीतिक क्षेत्र- ट्रंप प्रशासन अपनी परिभाषा के अनुरूप अमेरिका फर्स्ट की अपनी नीति पर अमल कर रहा है।**

अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए वॉशिंगटन गए भारतीय दल के फिर खाली हाथ लौटने के बाद वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि किसी समयसीमा के दबाव में भारत ऐसे समझौते पर दस्तखत नहीं करेगा, जो राष्ट्रीय हित में ना हो। स्पष्टतः गोयल नौ जुलाई की समयसीमा के संदर्भ में टिप्पणी कर रहे थे, जो अमेरिका के डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने घोषित कर रखी है। यह लगभग साफ है कि अचानक कोई चमत्कारिक प्रगति नहीं हुई, तो नौ जुलाई को भारतीय उत्पादों पर अमेरिका मनमाना आयात शुल्क लगा देगा। अब तक हुई वार्ताओं में कृषि और डेयरी क्षेत्र को पूरी तरह से खोलने के अमेरिकी दबाव में भारत नहीं आया है।उधर भारतीय वातार्कार अमेरिका से यह वादा भी नहीं ले पाए हैं कि भारत ने अपने यहां अमेरिकी कारोबारियों को रियायतें दीं, तो उसके बदले अमेरिका ऑटो पाट्र्स एवं स्टील समेत भारत के तमाम उत्पादों पर कोई अतिरिक्त टैरिफ नहीं लगाएगा। स्पष्टतः अमेरिका एकतरफा डील चाहता है। (चीन के अलावा) अन्य देशों के प्रति भी अमेरिका का यही नजरिया सामने आया है। वाताओं में ट्रंप प्रशासन अपना एक अंतिम ऑफर सामने रख देता है और यह संबंधित देश छोड़ देता है कि वह उसे स्वीकार करे या वापस जाए। भारत के मामले में भी उसने यही रवैया अख्तियार किया है। इस तरह ट्रंप प्रशासन के आरंभिक हफ्तों में भारत में बनी ये धारणा खामख्याली साबित हुई है कि अमेरिका भारत से विशेष व्यवहार करेगा और नरेंद्र मोदी सरकार ट्रंप प्रशासन से अपने लिए बेहतर डील झटक लेगी। अपने मौजूदा कार्यकाल में ट्रंप भारत के प्रति कोई विशेष भाव दिखाते नजर नहीं आए हैं। चाहे व्यापार वार्ता का दायरा हो, या सामरिक एवं कूटनीतिक क्षेत्र– ट्रंप प्रशासन अपनी परिभाषा के अनुरूप अमेरिका फर्स्ट की अपनी नीति पर अमल कर रहा है। यह रुझान मोदी सरकार के लिए ना सिर्फ निराशाजनक साबित हुआ है, बल्कि इससे कुछ नई चुनौतियां भी भारत के सामने आ खड़ी हुई हैं। चूंकि इस स्थिति के लिए कोई पूर्व तैयारी या वैकल्पिक सोच फिलहाल नहीं है, इसलिए भारत एक चौराहे पर किंकर्त्तव्यविमूढ़ खड़ा नजर आ रहा है।

# आदित्य कॉलेज शिंपोली स्टेशन: मुंबई मेट्रो में एक नया अध्याय

**मुंबई।** मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए ) के साथ एक ऐतिहासिक सहयोग में, आदित्य ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स (एजीआइ) ने येलो लाइन 2ए के शिंपोली मेट्रो स्टेशन के नामकरण अधिकार हासिल किए हैं। अब यह स्टेशन आधिकारिक रूप से आदित्य कॉलेज शिंपोली स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। बोरीवली के दिल में स्थित यह स्टेशन प्रतिदिन हजारों यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रांजिट हब के रूप में कार्य करता है।

आदित्य ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स (एजीआई) , मुंबई का एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान, निम्नलिखित कार्य करेगाः

- डिजिटल डिस्प्ले, प्लेटफार्म साइनज और इंटरैक्टिव कम्प्यूटर जोन स्थापित करना
- ब्रांडिंग और आउटरीच के माध्यम से समुदाय में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना
- मुंबई में ऐसा मेट्रो ब्रांडिंग उपक्रम करने वाला पहला शैक्षणिक संस्थान बनना



हम इस परिवर्तनकारी पहल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं, आदित्य ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स (एजीआई) के ट्रस्टी श्री आशीष एच. मिश्रा ने कहा। यह साझेदारी शहर के साथ हमारे लंबे संबंधों और इसकी प्रगति में सार्थक योगदान देने की हमारी दृष्टि को दर्शाती है। यह रणनीतिक सहयोग न केवल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाता है, बल्कि सार्वजनिक अवसंरचना और सतत गतिशीलता को समर्थन देने के लिए आदित्य ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स (एजीआई) की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है। विशिष्ट अतिथियों और शैक्षणिक नेताओं की उपस्थिति, इस कार्यक्रम में आदित्य ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स (एजीआई) के कई विशिष्ट अतिथि और सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। संस्थान के चेयरमैन और फाउंडर ट्रस्टी डॉ. हरीशचंद्र एस. मिश्रा, ट्रस्टी श्री आशीष एच. मिश्रा और श्री आदित्य एच. मिश्रा की उपस्थिति रही। समूह के रणनीतिक सलाहकार डॉ. राजन सक्सेना, जो एसवीकेएम' एस एनएमआईएमएस (मुंबई) के पूर्व कुलपति, आईआईएम इंदौर के संस्थापक निदेशक और एसपीजेआईएमआर एवं आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल के पूर्व निदेशक रह चुके हैं, ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्री गुरुनाथ दळवी, जो आदित्य कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर (एसीए) के मेंटर हैं, भी उपस्थित थे। आदित्य ग्रुप के शैक्षणिक नेतृत्व से, डॉ. बालकृष्ण परब (एआईएमएसआर के निदेशक और डीन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज), प्रो. मुकुंद प्रसाद (एएसबीएम के निदेशक), और श्री जमशेद भिवंडीवाला (एसीए के प्रिंसिपल) भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा श्री मालोजी शिंदे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, बोरीवली पुलिस स्टेशन से भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# मधुबनी शहर व गांवों में ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, सद्दाम सलाहुद्दीन भौआड़ा मधुबनी बिहार

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के राघो नगर भौआड़ा प्रखंड में हजरत इमाम हुसैन (आरए) की शहादत पर निकाला गया मुहर्रम ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया अनुमंडल के कोतवाली चौक, बाड़ा बाजार, संगिनिया चौक नगर व प्रखंड क्षेत्रों में विभिन्न अखाड़ों द्वारा ताजिया जुलूस निकाला गया ताजिया जुलूस में शामिल लोगों ने लाठी-डंडे समेत विभिन्न पारंपरिक हथियारों के साथ विभिन्न प्रकार के खेल व कला का प्रदर्शन किया मुहर्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन काफी सतर्क था। पंडौल में सात ग्रामीण प्रखंडों में एक और सप्ता बुजुर्ग व जयनगर में तीन अखाड़ों ने एक इमामबाड़ा से निकलकर कला व शिल्प का प्रदर्शन किया भौआड़ा क्षेत्र के सभी अखाड़ों का जुलूस बारी-बारी से संगिनिया चौक पहुंचा मुहर्रम




को लेकर मधुबनी में दर्जनों जगहों पर पुलिस बल तैनात किए गए थे निगरानी व वीडियोग्राफी के लिए सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा था जुलूस पर कोतवाली चौक पर हाई रिजोल्यूशन व ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही थी। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों व असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही थी। बताया गया कि प्रशासनिक निर्देश का पालन नहीं करने वाले डीजे साउंड संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी कोतवाली चौक पर जिला प्रशासन एसडीओ, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, मधुबनी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, थानाध्यक्ष आदि के साथ मुहर्रम समन्वय समिति के सदस्य मुहम्मद तमन्ना शेख, अमानुल्लाह खान, शहाबुद्दीन मुहम्मद इम्तियाज अहसन, मुहम्मद आलम अंसारी मुस्तफा कमाल पाशा, साबिर, मुहम्मद आसिफ हुसैन, फिरोज, नौशाद शेख मुहम्मद नूरुद्दीन, साबिर रहमती अंसारी लाला, सद्दाम हुसैन अमानुल्लाह सहित अन्य पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी जुलूस पर लगातार नजर रखते रहे मातमी जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में देर रात संपन्न हो गया।

## सीपी अखिल की ईमानदार नेतृत्व कुशलता से बुलंद योगी सरकार का इकबाल, कानपुर में सकुशल मोहर्रम

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** तगड़ी तैयारियों के साथ कमिश्नरेट पुलिस की सतर्कता और सक्रियता ने बीते सभी त्योहारों की तरह चुनौतीपूर्ण मोहर्रम के त्यौहार को भी सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने में सफलता प्राप्त कर ली है। यह भी अवगत कराते चलें कि सांप्रदायिक दृष्टिकोण से अति संवेदनशील से कानपुर में इस बार के भी मोहर्रम को सफल और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने वाले कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने वाले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के तेजतर्रार ,व्यवहार कुशल तथा कठोर परिश्रमी वरिष्ठ आईपीएस एडीजी अखिल कुमार की गिनती देश प्रदेश के उन




कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में की जाती है, जिन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की विचारधारा वाले एडीजी अखिल कुमार कानपुर के पहले ऐसे पुलिस कमिश्नर हैं, जिन्होंने हर तरह के अपराधियों के खिलाफ जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर सराहनीय कार्रवाई के रिकॉर्ड भी तोड़े हैं। वह चाहे घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ ही शातिरों को जेल का रास्ता दिखाने का मामला हो या फिर उनकी गिरफ्तारी में विशेष रूप से सहायक त्रिनेत्र अभियान के तहत सैकड़ों कैमरे लगवाने का मामला, ट्रैफिक व्यवस्था को पहले से बहुत बेहतर बनाने में मिली सफलता हो अथवा स भी त्योहारों और पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने का मामला, और इसमें भी पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली भावी पीढ़ियां भी जिसे सदैव याद रखेंगी, वह है विश्व पत्रकारिता के इतिहास में पहली बार किया गया पत्रकारिता की आढ़ में सक्रिय रहा अवनीश दीक्षित जैसे शातिर अपराधी माफिया गिरोह का भंडाफोड़। जिसका पूर्ण श्रेय कठोर परिश्रम वाले जुझारू पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की कर्तव्य निष्ठा, उनकी ईमानदारी और उनकी निडरता को ही जाता है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# 'सीए आकृति वलेछा ने पूरा किया परिवार का सपना, जबलपुर और सिंधी समाज को किया गौरवान्वित'




The Institute of Chartered Accountants of India
Examination Results, May 2025

Final Examination Results, May 2025

| | |
|---|---|
| Roll Number | 146996 |
| Name | AKRITI VALECHHA |
| Group I | |
| Financial Reporting | 067 |
| Advanced Financial Management | 074 |
| Advanced Auditing, Assurance and Professional Ethics | 044 |
| Total | 185 |
| Result | SUCCESSFUL |
| Grand Total | 185 |



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**वलेछा** परिवार की बेटी और स्वर्गीय श्री राजाराम वलेछा की पोती का कई सालों का सपना किसी और ने नहीं बल्कि उनकी पोती ने पूरा किया, क्योंकि वह सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुई और अब सीए आकृति वलेछा बन गई है, उसने न केवल अपने माता-पिता और परिवार को बल्कि पूरे सिंधी समुदाय और जबलपुर को भी गौरवान्वित किया है। उसके सभी प्रयास, समर्पण, कड़ी मेहनत, प्रतिदिन 16 घंटे अध्ययन और सबसे महत्वपूर्ण बात उसकी अटूट प्रतिबद्धता और जुनून ने यह सब संभव बनाया। हम सभी उसके एम्बिशन इंस्टीट्यूट और सभी प्रोफेसरों को बधाई देते हैं कि वह सीए बनने की इस यात्रा में मार्गदर्शक बनें और सर्वश्रेष्ठ शिक्षण दें! सीए आकृति वलेछा के रूप में अब एक नई यात्रा शुरू हो गई है, उसे उसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

## सीनियर बॉलीवुड फोटोग्राफर राजू असरानी को एसोसिएशन का आई कार्ड देकर किया गया सम्मानित



**मुंबई।** आज सिने स्टील टी. वी. एंड मोशन फोटोग्राफर्स एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें एसोसिएशन के सीनियर फोटोग्राफर राजू असरानी को एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाकांत मुंडे, महामंत्री अतुल राजकुले के कर कमलों द्वारा आई-कार्ड देकर सम्मानित किया गया।महामंत्री अतुल राजकुले ने हमारे संवाददाता गिरजा शंकर अग्रवाल को बताया कि राजू असरानी हमारे एसोसिएशन के काफी पुराने सीनियर सदस्य हैं। एसोसिएशन के प्रबंध समिति की बैठक में उपाध्यक्ष विनोद देशपांडे, ज्वाइंट सेक्रेट्री अशोक कनोजिया,ज्वायंट ट्रेजर अतुल कुमार सिंह तथा कमेटी मेंबर्स फिरोज हाशमी, श्याम साल्वेकर, राम बच्चन सोनी, विनायक वेतकर, देवेंद्र सरकार ओर पप्पू कुमार गुप्ता आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# एचजीएच इंडिया ने 710 शहरों और 32 देशों से 43,920 आगंतुकों को आकर्षित किया





**मुंबई।** होम टेक्सटाइल, होम डेकोर, फर्नीचर, हाउसवेयर और उपहारों के लिए देश के अग्रणी द्वि-वार्षिक व्यापार शो एचजीएच इंडिया ने मुंबई में अपने 17वें संस्करण का समापन किया, जिसमें होम और लाइफस्टाइल उद्योग तथा व्यापार से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली. बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र में 1 से 4 जुलाई तक आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम में 710 भारतीय शहरों और 32 देशों से 43,920 व्यापार से संबंधित आगंतुकों का स्वागत किया गया, जिसने घरेलू श्रेणी में नवाचारों के लिए भारत के प्रभावशाली मंच के रूप में अपनी स्थिति को स्पष्ट किया. जुलाई 2024 के संस्करण की तुलना में इस शो में कुल व्यापारिक आगंतुकों में 4.22% की वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों में 16.58% की वृद्धि देखी गई, जिसमें फर्निशिंग, सजावट, किचनवेयर, फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्टिंग सेगमेंट में खरीदारों की महत्वपूर्ण रुचि रही। प्रबंध निदेशक श्री अरुण रूंगटा ने कहा कि एचजीएच इंडिया के 17वें संस्करण ने एक बार फिर भारत के घरेलू उत्पाद उद्योग की ताकत और विविधता व इसके घरेलू बाजार की बढ़ती क्षमता को प्रमाणित किया है। उच्च मात्रा वाले व्यापार खरीदारों और डिजाइन पेशेवरों से लेकर उभरते ब्रांडों व वैश्विक निर्माताओं तक की इस वर्ष की भागीदारी में परिपक्वता देखी गई एवं एक नई सोच को दर्शाया. श्री रूंगटा ने कहा कि हमें नवाचारों, डिजाइन, सोर्सिंग और रणनीति के मजबूत मिश्रण के साथ घरेलू श्रेणी के लिए भारतीय घरेलू बाजार को आगे बढ़ाने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह संस्करण एचजीएच इंडिया की भूमिका को और मजबूत करता है, जहां भारत में घरेलू व्यवसाय का भविष्य आकार लेता है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महाराष्ट्र : एक साल में 12438 बच्चों की मौत

इस सवाल के लिखित जवाब में अबितकर ने हां में उत्तर दिया। हालांकि, बच्चों की आयु या उनकी मृत्यु के कारणों का कोई ब्योरा नहीं दिया गया। वहीं, एक अन्य सवाल का उत्तर देते हुए अबितकर ने बताया कि राजमार्गों के किनारे स्थित सरकारी अस्पतालों में 117 ट्रॉमा देखभाल इकाइयों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 78 चालू हैं। उन्होंने कहा कि 39 ट्रॉमा देखभाल इकाइयों का निर्माण कार्य पूरा करने का काम जारी है। रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी-जून 2024 के दौरान भी मराठवाड़ा क्षेत्र में आत्महत्या के सर्वाधिक मामले बीड जिले में ही थे, जब 101 किसानों ने अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। इसमें कहा गया कि इस वर्ष मुआवजा योग्य 313 मामलों में से 264 में प्रभावित परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है, जबकि 146 मामले पड़ताल के दायरे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 61 मामले मुआवजे के लिए अयोग्य पाए गए, जो पिछले साल जनवरी-जून में हुए 20 ऐसे ही मामलों से तीन गुना अधिक है। मराठवाड़ा क्षेत्र के 8 जिलों में इस साल जनवरी महीने से 26 जून तक 520 किसानों ने आत्महत्या की है। यह संख्या पिछले साल इसी अवधि में दर्ज आत्महत्या के 430 मामलों से 20 प्रतिशत अधिक है। राज्य के राजस्व विभाग की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मध्य महाराष्ट्र क्षेत्र में बीड जिले में आत्महत्या की सर्वाधिक घटनाएं हुईं जहां पहली छमाही में 126 किसानों ने अपना जीवन समाप्त कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में जनवरी से जून के बीच मराठवाड़ा के 8 जिलों में 430 किसानों ने आत्महत्या की थी, जबकि वर्ष 2025 की समान अवधि में इस क्षेत्र के 520 किसानों ने आत्महत्या की। इस प्रकार किसानों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### रायगढ़ में 26/11 जैसी साजिश

जहाज के देखे जाने के बाद रायगढ़ तट पर सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। अलर्ट के जवाब में, रायगढ़ पुलिस, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड, क्विक रिस्पॉन्स टीम, साथ ही नौसेना और तटरक्षक इकाइयों के कर्मी रात में ही मौके पर पहुंच गए और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार रायगढ़ की पुलिस अधीक्षक आंचल दलाल ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी करने और चल रहे तलाशी अभियान का निर्देशन करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। संदिग्ध जहाज के करीब पहुंचने की कोशिश में दलाल एक बजरे पर चढ़ गईं, लेकिन खराब मौसम के कारण उन्हें लक्ष्य क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही वापस लौटना पड़ा।

### अश्लील वीडियो की आड़ में 3 करोड़ रुपए की ब्लैकमेलिंग

18 महीने तक इन दरिंदों ने राज मोरे को धमकाया अगर पैसे नहीं दिए तो वीडियो सबको दिखा देंगे! डर और शर्मिंदगी में फंसे मोरे ने अपनी जिंदगी भर की कमाई लुटा दी। कुल 3 करोड़ रुपये इन ब्लैकमेलरों की जेब में गए। यह ब्लैकमेलिंग सिर्फ ऑनलाइन तक सीमित नहीं रही। सबा और राहुल की हिम्मत इतनी बढ़ गई कि ये सीधा राज मोरे के वाकोला स्थित घर पहुंच गए। दरवाजा खुलवाया मां के सामने गाली-गलौज की राज मोरे को थप्पड़ मारे और फिर वही धमकी वीडियो वायरल कर देंगे! यह हादसा उनके आत्मसम्मान और मानसिक स्थिति पर आखिरी चोट साबित हुआ।

### कबूतरों का दाना पानी बंद करेगी मनपा

कबूतरों के नजदीक रहने वाले लोगों में हाइपरसेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस जैसी बीमारी भी हो रही है। मुंबई में करीब 51 कबूतरखानों को बीएमसी ने आधिकारिक तौर पर मंजूरी दी है, लेकिन 500 से अधिक स्थानों पर अनाधिकृत तौर पर कबूतरखाना चलाया जा रहा है। बीएमसी ने अनाधिकृत तौर पर कबूतरों को दाना खिलाने वाले जगहों को चिन्हित कर उन्हें तोड़ रही है। बीएमसी ने दादर कबूतर खाने में अस्थायी शेड और बाड़ को हटा दिया और कबूतरों के चारे की करीब 25 बोरियां जब्त की। कबूतरखाना प्रबंधन की ओर से परिसर में कबूतरों का चारा रखने के लिए शेड लगाया था। बता दें इस कबूतरखाना में प्रतिदिन एक लाख से अधिक कबूतर दाना चुगने के लिए आते हैं। इन कबूतरों को प्रतिदिन 50 हजार रुपये का दाना खिलाया जाता है। भुना चना, बाजरी, ज्वार आदि अनाज की करीब 60 बोरी रोज की खपत है। इस कबूतरखाना का वार्षिक बजट 1 करोड़ 80 लाख रुपए है। करीब 15 लाख रुपये महीने इन कबूतरों के दाना, चिकित्सा व रखरखाव पर खर्च किया जाता है। मुंबई में दादर (पश्चिम) का कबूतरखाना एक लैंडमार्क के तौर पर जाना जाता है। जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का देरासर यहां पर करीब 110 वर्ष पुराना है। देरासर निर्माण के समय से ही कबूतरखाना अस्तित्व में है। मान्यता है कि भगवान शांतिनाथ का देरासर जहां भी होगा वहां कबूतरों को दाना चुगाने की व्यवस्था जरूर होगी। देरासर में आने वाले श्रद्धालु पहले यहां कबूतरों को खुले में दाना चुगाते थे। 1954 में तत्कालीन बॉम्बे की पहली महिला मेयर सुलोचना एम. मोदी ने कबूतरों को दाना चुगाने के लिए यहां की जमीन कबूतरखाना ट्रस्ट को लीज पर दी थी। 1954 में पूरे गोल सर्कल को कवर करते हुए रेलिंग लगाई गई और बीच में एक फव्वारा लगाया गया।

केंद्र सरकार ने किया बड़ा ऐलान की खास तैयारी

# देश में पहली बार लोग खुद भर सकेंगे जनगणना फॉर्म

मुंबई हलचल / नई दिल्ली


भारत में होने वाली अगली जनगणना को लेकर सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आम लोग खुद भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए सरकार एक खास वेब पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसके अलावा, मोबाइल ऐप के जरिए भी जनगणना का काम पूरा किया जाएगा। भारत में अब तक जनगणना के लिए घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी कागज पर जानकारी इकट्ठा करते थे। लेकिन अब सरकार इस प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने जा रही है। पहली बार मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के जरिए लोगों की जानकारी ली जाएगी। इससे न केवल काम तेजी से होगा, बल्कि डेटा भी सुरक्षित तरीके से सीधे सरकार के केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा।

## पहली बार ही होगी डिजिटल जनगणना भी, लांच होगा पोर्टल

## अगले साल 1 अप्रैल से शुरू होगा पहला चरण, जिसमें होगी मकानों की गिनती

### होंगे दो चरण

सरकार ने कहा है कि नागरिक चाहें तो खुद ही अपनी जनगणना की जानकारी वेब पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस' यानी घर और मकान की जानकारी, और दूसरा चरण 'पॉपुलेशन एनुमरेशन' यानी जनसंख्या की गिनती। दोनों चरणों में लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।



### कब होगी अगली जनगणना?

जनगणना 2026 और 2027 में दो चरणों में होगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें लोगों की जनसंख्या, जाति और बाकी जरूरी जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसके लिए 16 जून 2024 को सरकारी अधिसूचना जारी की गई है। यह आजादी के बाद भारत की 8वीं और कुल 16वीं जनगणना होगी।

### 34 लाख कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

इतने बड़े काम के लिए सरकार ने देशभर में करीब 34 लाख लोगों को नियुक्त किया है। इन कर्मचारियों को तीन स्तरों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। पहले राष्ट्रीय ट्रेनर, फिर मास्टर ट्रेनर और आखिर में फील्ड ट्रेनर इन्हें तैयार करेंगे। हर गांव और शहर को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा जाएगा और हर हिस्से के लिए एक कर्मचारी जिम्मेदार होगा। इससे कोई भी घर या व्यक्ति गिनती से न छूटे।

### सीमाओं में बदलाव की आखिरी तारीख तय

*सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि अगर वे अपने जिलों, तहसीलों या पुलिस थानों की सीमाओं में कोई बदलाव करना चाहते हैं, तो उसे 31 दिसंबर 2025 से पहले कर लें। उसके बाद वही सीमाएं जनगणना में अंतिम रूप से मानी जाएंगी। सीमाएं तय करने के तीन महीने बाद ही जनगणना शुरू की जा सकती है। इससे जनसंख्या गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं होगी।*

## खबर संक्षेप

### भोपाल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि, धमकी एयरपोर्ट डायरेक्टर के आधिकारिक ईमेल अकाउंट के जरिए दी गई है। धमकी के जरिए दावा किया जा रहा है कि, एयरपोर्ट परिसर में विस्फोटक लगाया गया है और किसी भी समय एयरपोर्ट को उड़ा दिया जाएगा। धमकी भरा ई-मेल मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन के साथ साथ सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड पर आ गई हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से धमकी की सूचना गांधीनगर थाने को भी दी गई, जिसके चलते अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और विमानन सुरक्षा नियमों के तहत आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीयों को बचाया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने पश्चिमी तट के पास मछली पकड़ने वाली उस नौका में सवार चार भारतीय मछुआरों को बचा लिया, जो समुद्र में लापता हो गई थी। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र मुंबई द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद श्रीलंकाई नौसेना ने समन्वित खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया और मछुआरों को रविवार को बचा लिया गया। एमआरसीसी ने श्रीलंकाई नौसेना को जानकारी दी कि मछली पकड़ने वाली एक भारतीय नौका मौसम की प्रतिकूल परिस्थिति के कारण 29 जून को लापता हो गई थी और उससे संपर्क नहीं हो पा रहा था।

कांग्रेस सहित 9 दलों ने दायर की थी याचिका

# बिहार मतदाता सूची : सुप्रीम कोर्ट राजी गुरुवार को होगी याचिकाओं पर सुनवाई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करेगा। अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति जताई है।

कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, एनसीपी की सुप्रिया सुले, सीपीआई के डी राजा, डीएमके, हरिंदर मलिक (समाजवादी पार्टी), शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत, जेएमएम के सरफराज अहमद और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य याचिकाकर्ता हैं। इनकी तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, गोपाल शंकरनारायणन और शादाब फरासत ने सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर याचिका दर्ज की है।

**मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जाने की जताई आशंका**

**25 जुलाई तक दस्तावेज जमा करने की है समय सीमा**




### यह जताई आशंका

*याचिकाकर्ताओं ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जाने की आशंका जताई है। इन वकीलों की ओर से दलील दी गई है कि महिलाओं और गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। इन्होंने कहा, अगर कोई वोटर जरूरी दस्तावेजों के साथ फॉर्म नहीं भरता, तो उसका नाम मतदाता सूची से हट सकता है, भले ही वह पिछले बीस साल से वोट डालता रहा हो।*

### यह भी दलीलें

*सिंघवी ने कहा, '8 करोड़ मतदाता हैं और 4 करोड़ को गणना करनी है। यह नामुमकिन काम है।' सिब्बल ने कहा, 'यह इतना आसान नहीं।' वहीं, वकील संकरनारायणन ने बताया कि आधार कार्ड और वोटर कार्ड जैसे दस्तावेज भी स्वीकार नहीं किए जा रहे। सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि 25 जुलाई तक दस्तावेज जमा करने की समय सीमा इतनी सख्त है कि अगर कोई चूक गया, तो उसका नाम सूची से बाहर हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'यह समय सीमा इतनी कम है कि लाखों लोग प्रभावित हो सकते हैं।' हालांकि, जस्टिस धूलिया ने कहा कि चूंकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है, इसलिए इस समय सीमा का कोई खास महत्व नहीं है।*

### पूरे बिहार में कल राहुल तेजस्वी के साथ विपक्ष करेगा चक्काजाम

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण कार्य का विरोध किया गया है। सोमवार दोपहर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने राजद कार्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस किया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग नौ अप्रैल को पूरे बिहार में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के विरोध में प्रदर्शन के तहत हर जिले में चक्का जाम करेंगे। इसमें राहुल गांधी भी शामिल होंगे।

### यह प्रक्रिया निष्पक्षता के खिलाफ : योगेंद्र यादव

आरजेडी के मनोज झा, कार्यकर्ता योगेंद्र यादव, महुआ मोइत्रा और अन्य संगठनों ने चुनाव आयोग के इस कदम को गलत ठहराया है। उनका कहना है कि यह प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के खिलाफ है। बिहार की सियासत में इस मुद्दे ने पहले ही हलचल मचा दी है।

तेजस्वी बोले-बिहार में वोटबंदी की साजिश

# चुनाव आयोग है कन्फ्यूज, हर घंटे बदले जा रहे नियम-निर्देश



मुंबई हलचल / पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की खामियां गिनाते हुए इसे रोकने की मांग की। उन्होंने प्रेस कार्फ्रेंस कर कहा, चुनाव आयोग कन्फ्यूज है। हर घंटे नियम-निर्देश बदले जा रहे हैं। आयोग के फेसबुक पेज पर ही भ्रम फैलाया जा रहा है। एक पोस्ट में एक बात, दूसरे में अलग जानकारी दी जा रही है। वोटर लिस्ट में कागजात बाद में देने की बात की जा रही है। बिहार चुनाव आयोग के विज्ञापन और ज्ञापन में अंतर है। यह आदेश शंका पैदा कर रहा है। ऐसा लग रहा है कि यह नियोजित तरीके से करवाया जा रहा है। आयोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहा है, पर हकीकत एकदम अलग है।

### 2 गुजराती बिहारियों से छीन रहे वोटिंग राइट्स : लालू

इधर पूरे मामले पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने यादव ने पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को आड़े हाथों लेते हुए एक्स पर लिखा, 'दो गुजराती मिलकर 8 करोड़ बिहारियों के वोट का अधिकार छीनने का प्रयास कर रहे हैं।' 'इन दो गुजरातियों को बिहार, संविधान और लोकतंत्र से सख्त नफरत है।

### नागरिकता भी चली जाएगी : ओवैसी

एआईएमआईएम के अध्यक्ष और हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, अगर किसी का नाम हटा दिया जाएगा, तो वह व्यक्ति न केवल अपना वोट खो देगा, बल्कि यह उसकी आजीविका का भी मुद्दा है। हमारा एकमात्र मुद्दा यह है कि चुनाव आयोग इतने कम समय में इस तरह की कवायद को कैसे लागू कर सकता है?



कर्नाटक में फेल हुई राहुल गांधी की खटाखट इकॉनोमी, सरकार की आर्थिक हालत खस्ता

# किसान ने कहा-सड़क चाहिए, कर्नाटक के वित्त सलाहकार बोले-तो हम 'गारंटियां' बंद कर देंगे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पांच गारंटियां देना अब अखरने लगा है। राज्य अर्थव्यवस्था खराब हो रही है और राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अपनों के निशाने पर आ गए हैं। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी इसे लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने संकेत दिए हैं कि राजधानी बेंगलुरु में वाटर टैरिफ यानी पानी पर टैक्स बढ़ाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, जिन्होंने बेंगलुरु जल बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) सहित विभिन्न बोर्डों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में पानी की दरों में बढ़ोतरी के कदम को खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों से पानी की दरें नहीं बढ़ाई गई हैं।

> कर्नाटक में तमाम वादों के साथ कांग्रेस ने सरकार तो बना ली लेकिन अब फ्रीबी राज्य सरकार के लिए गले की हड्डी बन गई है

### खर्चे लगातार बढ़ रहे हैं



### वेतन न मिलने की शिकायतें

डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा, देखिए, पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी के बाद, सब कुछ बढ़ गया है। बिजली की दरें आसमान छू रही हैं। सत्ता में आने के बाद, हमने एक तरह से बिजली की दरें कम कर दी हैं। पहले बिल 35 करोड़ आता था, और अब बिजली का बिल 75 करोड़ है। हमने वेतन में भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। वेतन न मिलने की शिकायतें हैं।

### प्रति वर्ष 1000 करोड़ से अधिक का घाटा

डीके शिवकुमार ने कहा कि सरकार ने सत्ता में आने के बाद बिजली की दरों में एक तरह से कमी की है, बावजूद इसके कि बिल बढ़ रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि सब कुछ मुफ्त में नहीं चलाया जा सकता। परिचालन लागत में बढ़ोतरी की तरफ इशारा करते हुए, डिप्टी सीएम ने कहा कि बीडब्ल्यूएसएसबी को चलाने के लिए पानी की दरों में बढ़ोतरी संभव है कि किया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ समय से इसे प्रति वर्ष 1000 करोड़ से अधिक का घाटा हो रहा है।

### सड़क चाहिए तो अनाज की मांग छोड़ दें: बसवराज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के वित्त सलाहकार बसवराज राय रेड्डी के एक बयान ने राज्य में बवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि लोगों को अगर सड़कें चाहिए तो चुनावी गारंटी के रूप में अनाज की मांग छोड़नी पड़ेगी. बसवराज मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार और कांग्रेस विधायक हैं। बसवराज रेड्डी अपने निर्वाचन क्षेत्र येलबुर्गा में एक स्कूल के भवन के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कन्नड़ भाषा में कहा,अगर आप ये कहें कि आपको चावल या कुछ और नहीं चाहिए, और सिर्फ गांव की सड़कें बनवानी चाहिए, तो हम वो भी करेंगे। मैं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सलाह दूंगा कि वो ये सब (अनाज) देना बंद करें। क्योंकि लोग ऐसा ही करने को कह रहे हैं। क्या मुझे उन्हें ये बताना चाहिए? मैं सुझाव के साथ मुख्यमंत्री को आपका नाम भी बताऊंगा।

### दिवालिया हो रही कर्नाटक सरकार: केंद्रीय मंत्री जोशी

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी ने इस मामले को लेकर राज्य सरकार पर दिवालिया होने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा है, बसवराज राय रेड्डी ने कहा है कि अगर आप अपने गांव या तहसील में सड़क चाहते हैं, तो (चुनावी) गारंटी नहीं मिलेगी। इधर भी एक विधायक ने ऐसा ही बयान दिया है कि आपको गारंटी दिया गया है इसलिए सड़कें वगैरह नहीं बना सकते। स्वयं राज्य के गृह मंत्री ने बोला है कि उनके पास पैसा नहीं है। जोशी ने आगे कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि राज्य सरकार दिवालिया हो गई है और वो न तो ठीक से गारंटी दे पा रही है और न ही सड़कें बना रही है। इसको लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

### सीएम सिद्धारमैया को देनी पड़ी सफाई

मामले पर बवाल मचने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा है,गारंटी योजनाओं को बदलने का सवाल ही नहीं है। ये गरीबों और सभी जातियों के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं हैं। इनका उद्देश्य गरीबों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। इसलिए इन्हें बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। इस बार, हम गांव की सड़कों सहित अन्य सड़कों के लिए विधायकों को कुछ धन आवंटित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भाजपा और जेडी(एस) विधायकों को भी विकास कार्यों के लिए अनुदान दिया जाएगा।

इसरो प्रमुख को शुभांशु ने किया फोन, अंतरिक्ष यात्रा के लिए

# वैज्ञानिक प्रयोगों की प्रगति और गतिविधियों की दी जानकारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष यात्री (गगनयात्री) शुभांशु शुक्ला, इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं। शुक्ला ने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के अध्यक्ष वी. नारायणन को फोन कर अपनी अंतरिक्ष यात्रा के लिए उनके और पूरी इसरो टीम के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस पहुंचे हैं। इसरो ने बताया कि यह फोन कॉल 6 जुलाई की दोपहर को हुआ था। इस बातचीत में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने शुभांशु शुक्ला का हालचाल पूछा और यह जानना चाहा कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कौन-कौन से वैज्ञानिक प्रयोग और गतिविधियां चल रही हैं। इसरो प्रमुख ने यह भी कहा कि पृथ्वी पर लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला को सभी प्रयोगों और अनुभवों को विस्तार से दस्तावेज के रूप में तैयार करना चाहिए, ताकि भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकें।

### खास बातें

- इसरो प्रमुख बोले- वापस आने पर सभी प्रयोगों और अनुभवों का विस्तार से दस्तावेज तैयार करें
- भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकेंगी



### इसरो के कई अधिकारियों ने भी की बात

इस फोन कॉल के दौरान इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे, जिसमें डॉ. उन्नीकृष्णन नायर, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के निदेशक और मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की प्रोग्राम मैनेजमेंट काउंसिल के चेयरमैन, एम. मोहन, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक, पद्मकुमार ई. एस., इसरो इनर्शियल सिस्टम यूनिट (आईआईएसयू) के निदेशक, एम. गणेश पिल्लई और इसरो के वैज्ञानिक सचिव और एलपीएससी के पूर्व निदेशक एन. वेदाचलम भी शामिल रहे। इसरो ने बताया कि गगनयान मिशन का उद्देश्य भारत की यह क्षमता साबित करना है कि वह अपने दम पर इंसानों को लो-अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) में भेज सकता है। शुक्ला का यह मिशन इसरो और अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस के सहयोग से संभव हुआ है।

### लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश में जुटे

*इसरो प्रमुख वी. नारायणन से बातचीत के दौरान शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन पर चल रहे तमाम प्रयोगों की प्रगति की जानकारी भी साझा की और बताया कि वे किन वैज्ञानिक लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं और किन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।*

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित होने वाले विभूतियों का हुआ चयन, नामों की हुई घोषणा

## इंदिरा प्रियदर्शिनी अवॉर्ड के लिए डॉक्टर सुवि मनीष स्वामी मुंबई का हुआ चयन

**मुंबई।** पत्रकार सुरक्षा एवम कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन मुंबई में आगामी 23अगस्त को सम्पन्न होगा। इस अधिवेशन में संगठन के विशिष्ट सम्मानों के लिए चयनित महानिभूतियों के नामों की आज घोषणा हुई। संगठन की राष्ट्रीय संगठन महासचिव तथा अधिवेशन आयोजिका श्रीमती शशि दीप मुंबई के अनुसार संगठन की स्थापना के सातवें वर्ष में इस वर्ष तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन 23अगस्त 2025को मेयर्स ऑडिटोरियम हाल जुहू लेन अंधेरी वेस्ट मुंबई में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सैयद खालिद कैस एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। संगठन का शीर्षस्थ सम्मान इंदिरा प्रियदर्शिनी अवॉर्ड इस वर्ष कैंसर पीड़ितों की माता, मानवता की प्रवर्तक, ईश्वरा लाईफ साइंसेज मुंबई की निदेशक श्रीमती डॉक्टर सुवि मनीष स्वामी मुंबई को नवाजा जाएगा। इस वर्ष के विशिष्ट सम्मानों के लिए चयनित महानिभूतियों के



नामों की घोषणा अनुसार इस वर्ष का राष्ट्र माणिक सम्मान शांति दूत महान समाज सेवी श्री सुधीर तारे को दिया जाना है। संगठन द्वारा दिया जाने वाला मणिकर्णिका सम्मान श्रीमती ए डी मानेक मुंबई को दिया जायेगा। संगठन द्वारा दिया जाने वाले स्त्री शक्ति सम्मान के इस वर्ष श्रीमती रवीना घोष कोलकाता श्रीमती पुष्पा चन्देरिया मध्य प्रदेश का चयन किया गया है। इस वर्ष का भारत गौरव सम्मान श्री शाकिर मलिक गुजरात ,श्री हकीम इलियास भाई शाह गुजरात सहित पिंकी खनूजा @गजेन्द्र खनूजा मध्य प्रदेश को दिया जायेगा। इस वर्ष के प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड के लिए रियाज खान राजस्थान का चयन किया गया है। संगठन द्वारा दिया जाने वाला भागवत प्रसाद स्मृति सम्मान इस वर्ष कवि राकेश गुप्त निर्मल मुंगेली छग को दिया जायेगा। मानवता के प्रवर्तक निमार्ता निर्देशक श्री रविन्द्र अरोरा की स्मृति में इस वर्ष से आरंभ किया जाने वाला रवींद्र अरोरा स्मृति सम्मान वरिष्ठ पत्रकार श्री आनंद शर्मा नागपुर को दिया जायेगा।

# हम अपनी जानों का नजराना पेश करेंगे मगर वक़्फ कानून मंजूर नहीं करेंगे : मौलाना उमरैन रहमानी

## हुसैन का पैगाम है शहीद होजाना मगर जुल्म को बरदाश्त मत करना: मुफ्ती मोहम्मद हारून नदवी

**रावेर।** वक़्फ काले कानून को हम किसी सूरत कुबूल नहीं करेंगे, क्योंकि यह हमारे संविधान और हमारे मजहब के भी खिलाफ है, मोदी सरकार की नापाक नजरें मुसलमानों की लाखों एकर जमीन पर टिकी है जो अरबों खरबों रुपए की है, वक़्फ को लेकर ये गलत प्रोपेगंडा करके हिन्दू मुस्लिम को आपस में लड़ाना चाहते हैं और अंग्रेजो की तरह लड़ाओ और राज करो की नापाक नीच पॉलिसी पर अमल कर रहे हैं, सरकार ने अलग अलग अंदाज में वक़्फ को लूटने बेचने के प्लान बनाए हैं जो हम किसी सूरत कामयाब नहीं होने देंगे, और हमें खुशी है कि वक़्फ काले कानून के खिलाफ हमारे साथ बड़ी तादाद में हिन्दू भाई खड़े हैं, पार्लियामेंट और राज्य सभा में 205 से ज्यादा हिंदू पार्लियामेंट मेंबर्स ने सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई और इस काले कानून का कड़ा विरोध किया। हम भी पुर अमन शांतता पूर्ण अंदाज में वक़्फ काले कानून के खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे इंशा अल्लाह, अभी स्टेज बता रहा है कि क्रिस्चन हिन्दू पंजाबी मराठा इस देश का सेक्युलर हिन्दू समाज हमारे साथ और सरकार के खिलाफ खड़ा है, और सरकार जबतक ये काला कानून वापस नहीं लेती तबतक हमारा आन्दोलन चलता





रहेगा, ऐसी बहुत ही अहम बातें ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सेक्रेटरी हजरत मौलाना उमरैन रहमानी साहब ने जलगांव के ईदगाह मैदान में हजारों हिन्दू मुस्लिम भाइयों के सामने पेश किया। हजारों की भीड़, सरों का समुंदर ईदगाह मैदान में जमा था, हवा आंधी तूफान और मौसलधार बारिश भी लोगों को रोक नहीं पाई, मुफ्ती मोहम्मद हारून नदवी और अब्दुल करीम सालार की आवाज पर वक़्फ काले कानून के खिलाफ पूरा ज़िला जमा होगया, मुफ्ती मोहम्मद हारून नदवी की शोला बयान जज्बाती तकरीर ने लोगों के हौसलों को और बढ़ा दिया, मुफ्ती हारून नदवी ने कहा कि बड़े बड़े फिरओन आए और चले गए ये भी आया चले जाएगा, जो जुल्म करेगा खतम होंगा ये कुदरत का कानून है, हम मोदी सरकार की नापाक हरकतों को कामयाब नहीं होने देंगे, हम हिन्दू मुस्लिम एकता सदभावना का माहौल बना कर अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे इंशा अल्लाह, इस मौके पर चर्च के फादर और विजयु महाजन की दबंग स्पीच ने माहौल बना दिया। महाजन ने सरकार की अंग्रेजो वाली लड़ाओ और राज करो की नापाक पॉलिसी का जमकर विरोध किया और खुल कर कहा कि वक़्फ बोर्ड में हमारे हिन्दू की क्या जरूरत है? ये सिर्फ सरकार की लड़ाने वाली और वक़्फ की जमीनों को हड़पने की कोशिश है, लेकिन हम हिन्दू और हमारी पार्टी कांग्रेस भी जुल्म के खिलाफ मुस्लिम भाइयों के साथ खड़ी है, अब्दुल करीम सालार ने अपने मुख्तसर बयान में लोगों के हौसलों को बढ़ाते हुए हजारों की संख्या में पहुंचने पर शुक्रिया अदा किया और वक़्फ काले कानून की बुराइयों और मोदी सरकार की नापाक हरकतों को खुल कर ज़िक्र किया, इस मौके पर जमात ए इस्लामी के सुहैल अमीर, अहले सुन्नत जमात के सैयद अयाज अली ऐसे ही जनाब एजाज मलिक ने भी मुख्तसर बयान दिया, ये इजलास जलगांव वक़्फ को ऑर्डिनेशन कमेटी जिसके अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद हारून नदवी और कोऑर्डिनेटर अबदुल करीम सालार और उनकी पूरी टीम की मेहनतों और कोशिश का नतीजा था, जलगांव की ये कमेटी वक़्फ के काले कानून के खिलाफ मुसलसल 4 महीनों से हर गांव हर शहर जाकर लोगों को समझाने और जागृत करने का काम कर रही है, समाज के हर वर्ग में मीटिंग्स और कार्यक्रम लेकर लोगों को मैदान में ला रही है, रात का ये हजारों लोगों का जमा होना इस टीम वर्क की कामयाब कोशिशों का नतीजा था। सरकार को खुला चैलेंज कर जलगांव जिले के हिंदू मुस्लिम समाज ने ऐलान किया कि ये नापाक काला कानून हमें मंजूर नहीं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को ऑर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद हारून नदवी की दुआ पर ये जलसा खतम हुआ। पूरे ज़िले (भुसावल, वरंगांव, बोदवड़, मुक्तयिनगर, रावेर, यावल, चिनावल, सावदा, फैजपुर, पाल, खानापुर, मारुल, भालोद, पाचोरा, भड़गांव, पहुर, शेन्दुरनी, और छोटे छोटे और दूर दूर गांव से लोग ट्रक टूवीलर और कारो के काफिले लेकर आए, खुशी के आंसू के साथ मुफ्ती हारून नदवी ने सबका शुक्रिया अदा किया, लोगों ने हाथ उठाकर वचन दिया कि सरकार के जुल्म और वक़्फ काले कानून के खिलाफ आप जब जब बुलाएंगे पूरा समाज ऐसे ही हाज़िर रहेगा।

# सुरेन्द्र शास्त्री समाज के लिए समर्पित व्यक्तित्व है : राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** कर्मठ आर्य नेता, समाजसेवी सुरेन्द्र शास्त्री का 81 वाँ जन्मोत्सव आर्य समाज लाजपत नगर नई दिल्ली में सौल्लास मनाया गया।वैदिक विद्वान मेघश्याम वेदालंकार ने यज्ञ करवाया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि मैं शास्त्री जी को 1982 से देख रहा हूँ। आपका जीवन समाज के लिए समर्पित रहा।वरिष्ठ नागरिक मंच, आर्य समाज, पंजाबी समाज में विभिन्न पद पर कार्यरत रहे।आशा नंद पब्लिक स्कूल की स्थापना की। आपके दीर्घ व स्वस्थ जीवन की परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं। विधायक तेजेन्द्र सिंह मारवाह, पूर्व निगम पार्षद सुभाष मल्होत्रा उनके समाज के प्रति दिए योगदान की चर्चा करते हुए अपनी शुभकामनायें प्रदान की। जामपूरी बिरादरी के अध्यक्ष सेखरी ने उनकी उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन समाज के प्रधान राजेश मेहंदीरत्ता ने किया। आचार्य विद्याप्रसाद मिश्रा, चन्द्र शेखर शास्त्री, रमेश गाड़ी, अजय कपूर, अजय शास्त्री, भारत भूषण आर्य, ओमप्रकाश छाबड़ा आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान की और पुष्पा शास्त्री ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# 73 साल के बुजुर्ग की गंदी हरकत, पुणे में 1 दिन में 5 छेड़छाड़ के मामले

**पुणे।** महिला सुरक्षा का मुद्दा दिन-ब-दिन गंभीर होता जा रहा है। हाल ही में पुणे से दुष्कर्म का मामला सामने आया जिसकी जांच जारी ही है कि फिर एक बार एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। पुणे के विश्रामबाग रोड इलाके में एक निजी क्लिनिक में 73 साल के बुजुर्ग ने अपनी उम्र का लिहाज किए बगैर 27 वर्षीय रिसेप्शनिस्ट युवती के सामने अपनी सारी मयार्दा तोड़ दी। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी सुरेशचंद चोरडिया (73 वर्ष) शनिवार शाम क्लिनिक में गया। युवती उस समय काउंटर पर अकेली थी। आरोपी ने अचानक गलत तरिकेसे स्पर्श कर लिया और बेहूदा अंदाज में एसी मांग कर दी की लड़की ड़र गई। लेकिन उसकी गंदी हरकत यहीं नहीं रुकी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सेहत को लिए फायदेमंद है गुनगुना पानी

पानी पीना सेहत के लिए बहुत जरूरी है। डॉक्टरों के अनुसार हर किसी को दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। इससे शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं लेकिन अगर ठंड़े पानी की बजाए गुनगुना पानी पिया जाए तो यह सेहत के लिए रामबाण है। आइए जाने रोजाना गुनगुना पानी पीने के फायदों के बारे में...

1. गुमगुना पानी पीने से ब्लड सकुर्लेशन तेज हो जाता है। वैसे तो हर मौसम में गुनगुना पानी पीना चाहिए लेकिन सर्दियों में तो जरूर गुनगुना पानी ही पिएं।
2. रोजाना सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने से कब्ज की परेशानी दूर हो जाती है।
3. भूख न लगने से परेशान हैं तो एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस,काली मिर्च और नमक डालकर पीएं। इससे भूख लगनी शुरू हो जाएगी।
4. सारा दिन थकावट महसूस हो रही हो तो सुबह उठने के बाद खाली पेट गुनगुने पानी का सेवन करें।
5. स्किन से जुड़ी कोई परेशानी है या त्वचा पर किसी तरह के रैशेज पड़ रहे हैं तो गुनगुना पानी पीने से राहत मिलती है।
6. त्वचा रूखी और बेजान है तो 10-12 गिलास पानी जरूर पिएं। इससे त्वचा पर ग्लो आ जाएगा।





# कॉस्मेटिक सर्जरी से पहले जानें ये साइड इफेक्ट

**कॉस्मेटिक सर्जरी के दौरान और बाद में कई बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जैसे इसे किसी अनुभवी सर्जन से कराएं, ऑपरेशन थिएटर आधुनिक टूल्स से लैस हो, संक्रमण से बचाव आदि। जानें अलग-अलग सर्जरी से होने वाली दिक्कतें ताकि ट्रीटमेंट के बाद इनका खयाल रखा जा सके-**

**हेयर रेस्टोरेशन (गंजापन)**
गंजापन दूर करने के लिए तीन तरह की सर्जरी करते हैं। पहली, सिर में खाली जगह पर 3-4 मिमी बालों सहित स्किन निकालकर ट्रांसप्लांट करते हैं। दूसरी, सिर के दोनों ओर से बाल व त्वचा रक्तवाहिनी सहित सिर के आगे लाते है। तीसरी, सिलिकॉन बलून को बालों के नीचे लगाकर त्वचा डबल करते हैं।
**साइड इफेक्ट :** सर्जरी के बाद संक्रमण, निशान या अधिक ब्लीडिंग भी हो सकती है।
**राइनोप्लास्टी :** मोटी नाक को पतला करने, टेड़ी नाक को सही आकार देने, दबी हुई नाक को शार्प करने के लिए राइनोप्लास्टी की जाती है।
**साइड इफेक्ट :** नाक की त्वचा पर लाल चकत्ते, सूजन व ब्लीडिंग हो सकती है। सर्जरी के बाद छह माह तक धूप से बचें।
**आईब्रो लिफ्टः** यह सर्जरी दो तरह से होती है- बोटॉक्स व थ्रेड लिफ्ट। इसमें एजिंग के कारण झुकी हुई आईब्रोज और माथे की लटकी त्वचा को ठीक किया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** संक्रमण, निशान दिखने व संवेदनशीलता खत्म होने जैसी दिक्कतें होती हैं।
**ब्लेफरोप्लास्टीः** इस सर्जरी में झुकी हुई पलकों व पफी आंखों को ठीक किया जाता है। इस दौरान अपर और लोअर आईलिड से अतिरिक्त फैट को निकालकर आंखों को सही लुक देते हैं।
**साइड इफेक्ट :** कुछ मामलों में लोअर आईलिड नीचे की ओर खिंच जाती है। जिसके लिए दोबारा सर्जरी करनी पड़ सकती है।
**गाइनेकोमैस्टियाः** कुछ आदमियों का सीना उभार लिए होता है। इस कारण वे हीनभावना के शिकार हो जाते हैं। ऐसे पुरुष इसे कम कराने के लिए गाइनोकोमैस्टिया कराते हैं।
**साइड इफेक्ट :** ब्लीडिंग, सूजन, निशान या स्किन पर लाल रंग के चकत्ते हो सकते हैं। स्किन का रंग बदलने के अलावा सीने की सेंसिविटी भी खत्म हो सकती है।
**आर्म लिफ्टः** बेडौल हो चुके हाथों के ऊपरी भागों को सही आकार देने के लिए आर्म लिफ्ट सर्जरी कराई जाती है। इसमें हाथों के ऊपरी हिस्से में जमा फैट व लटकी हुई स्किन को हटाया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** निशान इस सर्जरी का सबसे बड़ा साइड इफेक्ट है। कोहनी से लेकर अंडरआर्म तक की इस सर्जरी में दाग हमेशा के लिए रह सकते हैं।
**फेस लिफ्टः** इस सर्जरी से चेहरे की झुर्रियां और लटकी हुई स्किन को हटाकर चेहरे व गर्दन की मसल्स को मजबूती दी जाती है व एक्स्ट्रा स्किन को निकाल दिया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** संक्रमण, त्वचा का रंग बदलना, चेहरे की धमनियों में क्षति, संवेदनशीलता खत्म होने के साथ त्वचा पर लाल रंग के चकत्ते पड़ सकते हैं।
**ऑटोप्लास्टीः** ऑटोप्लास्टी में बड़े या बाहर निकले हुए कान को चेहरे के अनुरूप सही किया जाता है। कुछ लोग छिदे हुए कान के होल को छोटा करने के लिए भी यह सर्जरी करवाते हैं।
**साइड इफेक्ट :** संक्रमण, सूजन, ब्लीडिंग व निशान पडे का डर बना रहता है। कुछ मामलों में कान नेचुरल न दिखने पर दोबारा सर्जरी करानी पड़ सकती है।
**चिन-चीक्स ऑग्युमेंटेशनः** इस सर्जरी में छोटी ठुड्डी के ऊपर सिलिकॉन इंप्लांट करके इसको आकार देते हैं। कभी-कभी चिन की हड्डी को फेस के शेप के अनुसार घटाया-बढ़ाया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** दर्द, सूजन व ब्लीडिंग के अलावा इम्प्लांट जगह से खिसक सकता है।
**एब्डोमिनल प्लास्टीः** प्रेग्नेंसी या वेट लॉस से कई बार पेट पर अधिक फैट जमा हो जाता है। जिसे निकालने के साथ मसल्स को भी टाइट कर बॉडी को सही आकार दिया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** स्किन पर ब्लड क्लॉट व संक्रमण का डर रहता है।
**ब्रेस्ट ऑग्युमेंटेशनः** जन्म से अविकसित ब्रेस्ट, दोनों के साइज में अंतर होने व प्रेग्नेंसी के बाद लटके ब्रेस्ट को सही आकार देने के लिए यह सर्जरी की जाती है। इससे ब्रेस्ट में सिलिकॉन इम्प्लांट्स कर आकार बढ़ाया जाता है।
**साइड इफेक्टः** अच्छी क्वालिटी के इम्प्लांट इस्तेमाल न किए जाने पर संक्रमण की स्थिति में इसे निकालना पड़ सकता है। निशान गहरा होने से ब्रेस्ट के हार्ड या टाइट होने जैसी समस्या हो सकती है।

# लड़कों की यह परेशानियां लड़कियों को नहीं आती पसंद !

*हर लड़का पूरी कोशिश करता है कि उसे अपनी गर्लफ्रेंड के सामने शर्मिंदा न होना पड़े लेकिन कई बार मर्दों में कुछ ऐसी समस्याएं होती हैं जो उन्हें अपने पार्टनर के सामने शर्मिंदा कर देती हैं। आज हम आपको ऐसी ही समस्याओं के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके कारण आपको अपने पार्टनर के सामने शर्मिंदा होना पड़ सकता है।*



**गंजापनः** कई बार समय से पहले ही बाल झड़ना शुरू हो जाते हैं। इसका कारण शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी भी हो सकता है। ऐसे में अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखें।
**खुजलीः** त्वचा रूखी होने के कारण उसमें खुजली होने लगती हैं। अगर आप पार्टनर को सामने बार-बार खुजली करेंगे तो उनको बिल्कुल अच्छा नहीं लगेगा। ऐसे में मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।
**पसीनाः** पसीने के बदबू के कारण भी आपको अपनी पार्टनर के सामने शर्मिंदा होना पड़ सकता हैं। ऐसे में नहाने से पहले पानी में थोड़ा नमक डाल लें। इससे पसीने की बदबू नहीं आएगी।
**अधिक बाल होनाः** शरीर पर अनचाहे बाल भी आपको ऐसी स्थिति में डाल सकते हैं। ऐसे में समय-समय पर रेजर का इस्तेमाल करें।


# कहीं आपका बच्चा तो नहीं देखता ज्यादा टीवी



मोटापे की समस्या आजकल बड़ों से लेकर बच्चों तक देखने को मिलती हैं। आज कल आम देखने को मिलता है कि बच्चे फैटी तो होते हैं लेकिन उनकी हाइट नहीं होती। मोटापे के पीछे कई कारण होते हैं। बच्चों की गलत आदतें भी मोटापे का कारण हो सकती है। अधिक टीवी देखने से भी मोटापे का खतरा बढ़ता है। हाल में हुए शोध में पाया गया है कि टीवी को ज्यादा समय देने वाले और खाने-पीने से जुड़े विज्ञापन देखने वाले बच्चों में मोटापे का खतरा अधिक होता है। वहीं कम टीवी देखने वाले बच्चों में मोटापे कम पाया जाता है। टीवी पर विज्ञापन देखने के बाद बच्चे वहीं खादे की जिद करते हैं, जिसके कारण बच्चे फास्ट फूड और पैकेट बंद फूड्स का सेवन करते है।
आजकल के बच्चे पैकेट बंद स्नैक्स पर निर्भर करते हैं, जिसके कारण उनका वजन बढ़ता है। पैकेट बंद स्नैक्स में सोडियम की मात्रा अधिक पाई जाती है जिसके खाने के बाद भूख कम हो जाती है। बच्चे स्नैक्स खाने के बाद भोजन नहीं करते, जिससे उनके शरीर को पौष्टिक तत्व नहीं मिल पाते।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# चुपके से श्रद्धा-राहुल को शूट करने पर भड़कीं रवीना

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर हमेशा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। इन दिनों वह अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड और फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के राइटर राहुल मोदी के साथ रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में श्रद्धा और राहुल का एक फ्लाइट वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसे एक एयरहोस्टेस ने चुपके से रिकॉर्ड किया था। इस वीडियो को देखकर अब एक्ट्रेस रवीना टंडन ने गुस्सा फूटा है और उन्होंने इस पर रिएक्ट किया है। दरअसल, वीडियो में देखा जा सकता है कि श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी एक साथ फ्लाइट में बैठे हुए हैं। दोनों ने व्हाइट स्वेटशर्ट और ब्लैक पैंट पहन रखी है और ट्विनिंग करते नजर आ रहे हैं। श्रद्धा अपने फोन में कुछ राहुल को दिखा रही थीं और दोनों काफी रिलैक्स मूड में थे। इसी दौरान, एक एयरहोस्टेस ने चुपके से इनका वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस वीडियो को जब इंडिया फोरम्स द्वारा शेयर किया गया, तो उस पर रवीना टंडन ने कमेंट करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। रवीना ने लिखा, यह पूरी तरह निजता का उल्लंघन है। क्रू मेंबर्स को यह अच्छे से समझना चाहिए कि किसी की सहमति के बिना ऐसी रिकॉर्डिंग करना गलत है। उनसे इस तरह के प्रोफेशनल बिहेवियर की उम्मीद नहीं की जाती।

# झूठे दावे पर लग रही रश्मिका मंदाना की क्लास

**रश्मिका** मंदाना इस समय अपनी लगातार सफल फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच उनका एक बयान विवादों में घिरता नजर आ रहा है। हाल ही में रश्मिका मंडाना ने एक इंटरव्यू के दौरान यह दावा कर दिया था कि वह कोडवा (कुर्ग) समुदाय से फिल्म इंडस्ट्री में आने वाली पहली एक्ट्रेस हैं। इसी बात को लेकर कोडवा समुदाय नाराज हो गया है। सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना की जा रही है उन्हें नासमझ और झूठा बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर रश्मिका मांदाना के इंटरव्यू से एक वीडियो क्लिप वायरल हुई है। वायरल वीडियो में वह यह बता रही हैं कि जब उन्हें अपनी कमाई का पहला चेक मिला था वह क्षण उनके लिए आसान नहीं था, क्योंकि वह कुर्ग कम्युनिटी (कोडवा समुदाय) की पहली ऐसी लड़की थी, जो फिल्म इंडस्ट्री में आई हो। लेकिन रश्मिका मंदाना का यह दावा झूठा साबित हो रहा है। समुदाय के लोगों का यह मानना है कि रश्मिका मंदाना से पहले कन्नड़ स्टार प्रेमा (प्रेमा भी कोडवा समुदाय से आती हैं) फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रह चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जब एक्ट्रेस प्रेमा से इस बारे में पूछा गया तो, उन्होंने कहा इसमें कहने वाली बात क्या है? कोडवा समुदाय सच जानता है। आपको यह बात उनसे पूछनी चाहिए जिन्होंने दावा किया है। मैं इस पर क्या कह सकती हूं? सोशल मीडिया पर अब यूजर्स भी रश्मिका मंदाना को झूठ और नासमझ कहते हुए नजर आए हैं। एक यूजर ने लिखा कि प्रेमा से भी पहले शशिकला कोडवा समुदाय से फिल्मों में आई थी। मतलब साफ है कि रश्मिका मंदाना से पहले भी कोडवा समुदाय के कई लोग फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बन चुके हैं।



